राजस्थान सरकार
राजस्व (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक प. 5(1)राज-1/1995/पार्ट/III   जयपुर, दिनांक : 16-08-2023

–: विज्ञप्ति :–

राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर में अधिवक्ता संवर्ग से सदस्य के रिक्त एक पद को राजस्थान भू–राजस्व (बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों की अर्हताएं और सेवा–शर्तें) नियम, 1971 की शर्तों के अनुसार भरने के लिये पात्र अधिवक्ताओं से संलग्न प्रारूप में विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अधिवक्ता निबंधक, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के कार्यालय में अपना आवेदन–पत्र दिनांक **31-08-2023** को सायं **5:00** बजे तक व्यक्तिशः उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा प्रस्तुत कर सकते है।

आवेदन पत्र का प्रारूप राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर की वेबसाईट **https://landrevenue.rajasthan.gov.in/bor/#** से डाउनलोड किये जा सकते है।

राजस्व मण्डल में अधिवक्ता संवर्ग से सदस्य के एक पद पर नियुक्ति हेतु ऐसे अधिवक्ता पात्र है, जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति हेतु अर्हता प्राप्त है एवं नियुक्ति होने के वर्ष की 1 जनवरी को, अर्थात 1 जनवरी, 2023 को 54 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। आवेदनकर्ताओं में से नियुक्ति हेतु चयन की प्रक्रिया एवं सेवा की शर्तें समय–समय पर यथा संशोधित राजस्थान भू–राजस्व (बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों की अर्हताएं और सेवा–शर्तें) नियम, 1971 के अधीन होगी।

16/8

संयुक्त शासन सचिव